तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 26 जून 2025

10 अषाढ़ माह की अमावस्या पर लगाई पिंडारा तीर्थ पर डुबकी


10 कल्याण बोर्ड बना सफेद हाथी, मजदूर परेशान


## खबर संक्षेप

### दो घंटे बंद रहेगा 132केवी ओल्ड पावर हाउस आज

**जींद।** वीरवार को 132केवी ओल्ड पावर हाउस सुबह 9 से 11 बजे तक बंद रहेगा। निगम के अधीक्षक अभियंता मदन लाल सुखीजा ने बताया कि आयल लीकेज दूर करने के अलावा मुरम्मत का काम किया जाएगा। पावर हाऊस से जुड़े 11केवी रेलवे रोड, लिंक, कैथल रोड, सिटी नंबर 4, नरवाना रोड फीडर पर पावर सप्लाई बंद रहेगी। एसई के अनुसार पावर हाउस बंद रहने से पटेल नगर, राजेंद्र नगर, रामबीर कालोनी आदि एरिया की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।

### गांव रावण खेड़ा में मारपीट में एक घायल

**कैथल।** गांव रावण खेड़ा में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव रावण खेड़ा के नरेश कुमार ने पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 जून को गांव के ही बाली, जोगिंदर, शीशपाल, चमेली और प्रदीप ने मिलकर उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 355 ग्राम गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

**जींद।** शहर थाना पुलिस ने हैफेड गोदाम के निकट एक महिला को काबू कर उसके कब्जे से 355 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस पकड़ी गई महिला से पूछताछ कर रही है। शहर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि हैफेड गोदाम के निकट एक महिला नशीले पदार्थ बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रही है। पुलिसकर्मी जब मौके पर पहुंचे तो उन्हें देखकर महिला ने छुपने की कोशिश की। जब महिला कर्मी के सहयोग से महिला की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे गांजा बरामद हुआ। जिसका वजन 355 ग्राम पाया गया। पूछताछ में पकड़ी गई महिला की पहचान शर्मा नगर निवासी बबली के रूप में हुई।

### देसी पिस्तौल व कारतुस सहित आरोपित दबोचे

**कैथल।** अवैध असला-अमुनेशन रखने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा थाना पूंडरी क्षेत्र से एक आरोपी को काबू किया गया है। जिसके कब्जे से एक 315 बोर देसी पिस्तौल व 2 कारतुस बरामद हुए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एसआई धर्म सिंह की टीम शाम के समय गश्त दौरान सिरसल बस अड्डा पर मौजूद थी।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव काब्रछा से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव काब्रछा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस की दी शिकायत में बताया कि उसकी 20 वर्षीय बेटी रात को खाना खाकर कमरे में सोई थी। जो सुबह कमरे से गायब मिली। पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### दुकानों से चोरी मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** कलायत क्षेत्र में दुकानों से चोरी की बढ़ रही वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए एसपी आस्था मोदी द्वारा दिए निर्देशों पर खरा उतरते सीआईए-1 पुलिस द्वारा उल्लेखनीय सफलता हासिल करते शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। जिसकी गिरफ्तारी से कलायत व किठाना से 8 मामलों में 12 दुकानों से नकदी व अन्य सामान चोरी की वारदात सुलझी है। आरोपी पवन के कब्जे से एलईडी, 5 हजार नकदी, वारदात में प्रयुक्त वैगनर गाड़ी, लोक तोडने में प्रयुक्त औजार बरामद किए गए है। आरोपी बुधवार को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# आपातकाल को 50 वर्ष पूरेः अध्यापक नेताओं ने भी सहे थे इमरजेंसी के घाव

## रामदत्त के साथ तीन अन्य अध्यापक नेताओं ने भी 19 माह जेल काटी, पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा उसी जेल में थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

इमरजेंसी को आज 50 वर्ष हो चुके हैं लेकिन इमरजेंसी के दौरान जो यातनाएं उस समय के विपक्षी नेताओं को व अन्य कर्मचारी नेताओं को दी गई थी आज भी लोगों के मनों में एक नासूर की तरह जिंदा है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक 21 महीने भारत में लगाई गई इमरजेंसी के घाव आज 50 बर्षों बाद भी जिला कैथल में वैसे ही हरे है जैसे उस समय थे। कैथल जिले के 35 लोगों ने आपातकाल के समय कारावास की पीड़ा सही थी।



गुहला चीका। मां.रामदत्त शर्मा व मां.रामदत्त शर्मा की पत्नी मुन्नी देवी व सुपुत्र विजय शर्मा।



इसमें सबसे ज्यादा लंबी जेल उस समय के अध्यापक नेता रामदत्त शर्मा ने काटी थी। 1971 से 1977 तक अध्यापक आंदोलन में भाग

लेने के कारण बंसीलाल की आंख की किरकिरी बने इस अध्यापक नेता को 19 महीने इमरजेंसी में जेल में बिताने पड़े थे। उनके साथ-साथ

उनके परिवार ने भी आपातकाल की इस पीड़ा को हंसते-हंसते सहा था। वर्ष 2016 में भाजपा सरकार द्वारा बनाए गए पहले शुभ ज्योत्सना

### कुर्बानी का प्रतीक थे : मुन्नीदेवी

बेशक रामदत्त शर्मा अब इस दुनिया में नहीं रहे लेकिन उनकी यादें अभी भी अध्यापकों में प्रेरणा पुंज का कार्य करती हैं। उनकी पत्नी मुन्नीदेवी जो इस समय 90 वर्ष की है और अपने पुत्र विजय शर्मा के साथ रहते अपने पौत्र पोत्रियो को आशीर्वाद दे रही हैं। उनसे जब इस बाबत बातचीत की गई तो उनका कहना था कि उनके पति कुर्बानी का प्रतीक थे, अपना पूरा जीवन अध्यापकों की सेवा में समर्पित किया और लंबे आंदोलन लड़कर अध्यापकों को सुख सुविधा दिलवाई। उन्होंने बताया कि उनके पिता की मृत्यु 23 सितंबर 1996 को हार्ट अटैक के कारण हुई थी। उन्होंने कहा कि आज भी शिक्षक समाज में उनकी बहुत इज्जत की जाती है और उनका नाम आदर से लिया जाता है। अध्यापक संघ के पूर्व राज्य प्रधान कुलभूषण शर्मा का कहना है कि मास्टर रामदत्त शर्मा जैसा नेता आज तक अध्यापक संघ को दोबारा नहीं मिला उन्होंने कहा कि उन जैसे महासचिव विरले ही संगठनों को मिलते हैं।

योजना के तहत उस समय जेल जाने वालों को ताम्र पत्र दिए गए थे और नवंबर 2017 से उन्हें 10000

पेंशन भी दी जा रही है। रामदत्त शर्मा के साथ तीन अन्य अध्यापक नेताओं को भी 19 महीने जेल

झेलनी आल पड़ी थी। जिनमें उस समय के हरियाणा राज्य के अध्यापक संघ के प्रधान सोहनलाल ,फरीदाबाद से चंद्रप्रकाश और रेशमी चंद मलिक शामिल थे। उनके साथ भाजपा के पूर्व शिक्षा मंत्री रामविलास शर्मा भी उसी जेल में थे। जहां इन लोगों ने जेल काटी थी। अध्यापक नेता रामदत्त शर्मा का जन्म 15 जुलाई 1931 को कैथल जिले के गांव फतेहपुर, ब्लॉक पूंडरी में पिता कला चंद शर्मा व माता सुरजी के घर में हुआ। उनके पिता भी शिक्षक रहे हैं।

## विद्यार्थियों को 27 से 30 जून तक भरनी होगी फीस

# राहतः यूजी कोर्स में दाखिले के लिए आज जारी होगी पहली मेरिट लिस्ट

### पहली लिस्ट के बाद सीट खाली रहने पर तीन जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट

सीट खाली रहने पर नौ जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग शुरू होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले के लिए पहली मेरिट लिस्ट वीरवार को जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आएगा, वह विद्यार्थी 27 जून से लेकर 30 जून तक दाखिले के लिए फीस जमा करवा सकते हैं। हालांकि बुधवार को पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी हो चुकी है लेकिन कॉलेज फाइनल मेरिट लिस्ट के आधार पर ही विद्यार्थियों का दाखिला सुनिश्चित करेंगे। पहली मेरिट लिस्ट के बाद सीट खाली रहने पर तीन जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, वे चार जुलाई से लेकर सात जुलाई तक फीस भर सकेंगे। दो मेरिट लिस्ट के बाद भी अगर कॉलेजों में खाली सीट रह जाती है तो नौ जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग शुरू होगी। रजिस्ट्रेशन और विषयों में बदलाव को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा दस जुलाई को दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। 11 जुलाई से



फाइल फोटो

#### आज जारी होगी पहली मेरिट लिस्ट



राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यवान मलिक ने बताया कि 26 जून को कॉलेजों में दाखिले के लिए पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम पहली मेरिट लिस्ट में आएगा। उनके पास 27 जून से लेकर 30 जून तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा। ऐसे में जिन विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आता है, उन्हें चाहिए कि वह निर्धारित समय में फीस जमा करवा अपना दाखिला सुनिश्चित करें।

लेकर 17 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं। फिर 18 जुलाई से लेकर 24 जुलाई तक पहले वाले 100 रुपये लेट फीस और 100 रुपये हर रोज लेट फीस भरकर विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे। गौरतलब है कि जिलेभर के 17 राजकीय निजी और राजकीय कॉलेज सहित सीआरएसयू में यूजी कोर्स में लगभग साढ़े 11 हजार सीट हैं। हालांकि आवेदनों को लेकर विभिन्न कॉलेजों में कुल मिला कर मिला जुला सा असर रहा है। शहर के राजकीय पीजी कॉलेज और राजकीय महिला कॉलेज में निर्धारित सीटों से ज्यादा आवेदन आए हैं जबकि ग्रामीण आंचल के कॉलेजों में निर्धारित सीटों पर कम आवेदन आए हैं। जींद शहर के राजकीय पीजी कॉलेज और राजकीय महिला कॉलेज विद्यार्थियों की पहली पसंद बने हुए हैं। शहर के राजकीय महिला इंदिरा गांधी कॉलेज में विभिन्न कोर्स में 1021 आवेदन आए हैं। जबकि शहर के राजकीय पीजी कॉलेज में बीए आट्र्स में 600 सीट पर 1494 आवेदन बीए आट्र्स मेजर इन इकोनोमिक्स में 40 सीट पर 50, बीए आट्र्स मेजर इन इंग्लिश में 40 सीट पर 71, बीए आट्र्स मेजर इन ज्योग्राफी विषय में 40 सीट पर 98, बीए आट्र्स विद मेजर इन हिस्ट्री विषय में 40 सीट पर 57, बीबीए में 40 सीट पर 168 आवेदन, बीकॉम में 220 सीट पर 328, बीसीए में 120 सीट पर 383, बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस विषय में 150 सीटों पर 334, बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंस में 300 सीटों पर 246 और बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन मेथेमेटीक्स में 40 सीट पर 121 आवेदन आए हैं। वहीं सफीदों के सरला मेमोरियल राजकीय महिला कॉलेज में 320 सीट पर 112 आवेदन, बीए ज्योग्राफी में 40 सीट पर 16 और बीकॉम में 80 सीट पर 40 आवेदन आए हैं। इसके अलावा सफीदों के राजकीय कॉलेज में बीए आट्र्स में 400 सीट पर 381, बीए आट्र्स इन इंग्लिश विषय में 40 सीट पर 18, बीकॉम में 160 सीट पर 130 आवेदन, बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस विषय में 60 सीट पर 106 और बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंस विषय में 120 सीट पर 54 आवेदन आए हैं। ऐसे में विद्यार्थियों ने जींद शहर के कॉलेजों को दाखिले के लिए प्राथमिकता दी है।

# रोडवेज बस की टक्कर से घायल मोटरसाइकिल चालक ने तोड़ा दम

- तीन दिन पहले राजकीय महिला महाविद्यालय के सामने हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



मृतक रजत सिंगला का फाइल फोटो।

राजकीय महिला महाविद्यालय के सामने रोडवेज बस की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान हिसार के निजी अस्पताल में मौत हो गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर रोडवेज चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रोहतक रोड निवासी रजत (24) गत 23 जून को बाइक पर सवार होकर राजकीय महिला महाविद्यालय के सामने गोहाना रोड को पार कर रहा था। उसी दौरान पुराना बस अड्डे की तरफ से आ रही रोडवेज बस से बाइक टकरा गई। जिसमें रजत गंभीर रूप से घायल हो गया। बस चालक ने लोगों के सहयोग से रजत का अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया लेकिन परिजन उसे हिसार के नागरिक अस्पताल ले गए। जहां पर उपचार के दौरान रजत की मौत हो गई। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। मृतक के पिता अशोक ने बताया कि उसका बेटा मोबाइल फोन का कार्य करता था। काम के सिलसिले में राजकीय महिला महाविद्याल के सामने मार्केट की तरफ गया हुआ था। वापसी के दौरान हादसा हो गया। जिसमें उसके बेटे की मौत हो गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

## संदिग्ध हालात के चलते व्यक्ति ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों के कुम्हारन मोहल्ला में एक व्यक्ति ने संदिग्ध हालात के चलते फांसी का फंदा लगा आत्महत्या कर ली। परिजनों ने मृतक को मानसिक रूप से परेशान तथा शराब का आदी बताया है। शहर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सफीदों के कुम्हारन मोहल्ला निवासी रवि (34) ने बुधवार दोपहर को संदिग्ध हालात में अपने कमरे में पंखे से फांसी का फंदा लगा लिया। फंदा रस्सी से बनाया गया था। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक मजदूरी करता था और शराब पीने का आदी था। जिसके चलते वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। मृतक की पत्नी कविता ने पुलिस को बताया कि वह दोपहर को पडोस में चाचा के यहां आटा लेने गई हुई थी। जब वह वापस लौटी तो उसका पति रवि कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। शोर मचाए जाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। जिसकी सूचना पुलिस को भी दी गई। पुलिस ने मृतक के शव को फासी के फंदे से उतार नागरिक अस्पताल सफीदों पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अलग-अलग स्थानों पर ट्रेन की चपेट मे आने से दो की मौत

**जींद।** जिले मे अलग-अलग स्थानों पर रेलगाड़ी की चेपट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। रेलवे थाना पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई कर मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनो को सौंप दिया है। विकास नगर निवासी सूरजभान (70) गांव बिशनपुरा के निकट रेलवे लाइन को पार कर रहा था। उसी दौरान वह रेलगाड़ी की चपेट मे आ गया। जिसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। मृतक की जेब से मिले कागजातों के आधार पर पहचान संभव हो पाई। वहीं गांव बडौदा निवासी प्रेमा (68) बुधवार सुबह गांव के निकट सैर के लिए रेलवे लाइन पार जा रहा था। उसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिसमें प्रेमा की मौके पर ही मौत हो गई। घटनाओं की सूचना पाकर रेलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया।

### करंट लगने से मजदूर की मौत, शव परिजनों को सौंपा

**जींद।** रोहतक रोड पर कॉटन फैक्टरी के क्वार्टर में करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। शहर थाना पुलिस ने मृतक के पिता के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। गांव अरताहा जिला मध्येपुरा बिहार निवासी नंदू कुमार (18) रघु नगर स्थित कॉटन फैक्टरी में काम करता था। बीती देर शाम को नंदू अपने क्वार्टर में काम कर रहा था। उसी दौरान उसका हाथ केबल को छू गया। करंट से नंदू बेहोश हो गया। सहयोगी मजदूर उसे नागरिक अस्पताल लेकर गए। चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालातों का जायजा लिया। शहर थाना पुलिस ने मृतक के पिता गोपाल के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई कर शव का पोस्टर्माम करा परिजनो को सौंप दिया है।

## जान बचाने के लिए घर में भी घुसा, हत्यारा करता रहा पीछा

- कहासुनी के चलते पड़ोसी हत्यारा रख रहा था साहिल से खुन्नस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जोगेंद्र नगर में बीती रात चाकू से हमला होने के बाद घायल युवक ने एक घर में घुस कर जान बचाने की कोशिश भी लेकिन हमलावर पीछा करता हुआ वहां भी पहुंच गया और चाकुओं से वार कर हत्या कर दी। हत्या की वजह कुछ समय पूर्व आपस में कहासूनी रहा। शहर थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। जोगेंद्र नगर निवासी साहिल (24) बीती देर शाम को मकान से कुछ दूरी पर गली में फोन पर बात कर रहा था। उसी दौरान उसके पड़ोसी अधेड़ अनिल ने अचानक चाकू से वार कर दिया। बचाव में साहिल के गुप्तांग पर चाकू जा लगा। भागते हुए साहिल ने एक घर में घुस जान बचाने की कोशिश की लेकिन अनिल पीछा करता हुआ वहीं आ गया और बरामदे में ही चाकुओं से फिर से वार कर दिए। मकान में मौजूद लोगों तथा साहिल ने शोर मचाया तो आरोपी फरार हो गया था।

### हत्या के आरोपित दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजे

**उचाना।** सफाखेड़ी गांव में नरवाना के युवक राजू की हत्या के 24 घंटे में हत्यारोपित को पकडने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने तीन युवकों को मंगलवार देर रात सफाखेड़ी गांव के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए मंदीप, रणदीप सफा खेड़ी गांव से हैं जबकि साहिल पालवां गांव से है। अदालत में पेश कर पुलिस दो दिन के रिमांड पर आरोपियों को लेकर आई है। पुलिस आरोपियों से हमले में इस्तेमाल किए गए डंडे एवं अन्य हथियार, गाड़ी को बरामद करने के साथ-साथ किस वजह से आरोपियों ने राजू की हत्या की इसके बारे में पुलिस जानेगी। उचाना थाना प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि सफाखेड़ी के पास सोमवार देर शाम को नरवाना के राजू की हत्या कर दी गई थी। पुलिस द्वारा मृतक के भाई दिनेश की शिकायत पर दो को नामजद कर अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था।



पूंडरी। जल भराव के कारण कैथल मार्ग पर सडकों पर जमा दूषित पानी।

### जलभराव ने बढ़ाई लोगों की मुसीबत, समाधान की मांग

**पूंडरी।** पूंडरी के मुख्य कैथल मार्ग पर जलभराव अब स्थायी संकट बन चुका है। बरसात हो या न हो, नाले की निकासी व्यवस्था पूरी तरह ठप होने के कारण सडक पर पानी जमा रहना आम बात हो गई है। हालात इतने बदतर हैं कि राहगीरों को कीचड़ और गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर वे बी.डी.पी.ओ. ऑफिस तक कई बार गुहार लगा चुके हैं, पर हर बार आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिलता। न तो नाले की सफाई होती है और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। यह मार्ग जहां रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं, व्यापारिक प्रतिष्ठान भी हैं, वहीं जलभराव से व्यापार चौपट हो रहा है और आमजन का जीवन दूभर। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि गंदे पानी के कारण ग्राहक दुकान तक नहीं पहुंच पाते और बदबू से पूरा माहौल दूषित हो चुका है। सबसे गंभीर बात यह है कि इस समस्या को कई वर्षों से नजरअंदाज किया जा रहा है।

### बिजली दामों में चार गुणा बढ़ोत्तरी पर जताया विरोध

**जींद।** माकपा ने बिजली की दरों में हुई चुपचाप वृद्धि की कड़े शब्दों में निंदा की हैं और इस वृद्धि को वापस लेने की मांग की है। पार्टी के जिला सचिव कपूर सिंह ने कहा कि भाजपा ने एक ही झटके में बिजली के रेट चार गुना तक बढ़ा दिए यानी जिन परिवारों को 900 रुपये या हजार रुपये तक बिल देना पड़ता था, उन्हें अब चार हजार से लेकर पांच हजारबिल आ रहे हैं। एक तरफ गर्मी का सितम, साथ में बिजली के कई-कई घंटों के काट और दूसरी तरफ महंगाई की मार। भाजपा जबसे सत्ता में आई है लोगों को बुरी तरह पीस रही है। बिजली पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं न मिलने से प्रदेश में त्राहि-त्राहि मची हुई है। उन्होंने कहा कि निगम ने 75 प्रति किलो वाट फिक्स चार्ज भी इसमें जोड़ दिया है यानी 10 किलो वाट कनेक्शन पर अब हर महीने 750 रुपये अतिरिक्त देने पड़ रहे हैं।

## नौकरी लगवाने का झांसा दे 24.20 लाख रुपये की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सीवन में तीन युवकों को सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने के नाम पर महिला सहित चार आरोपियों ने 24 लाख 20 हजार रुपये की ठगी कर ली। इस मामले में सीवन थाना की पुलिस ने एक पीड़ित युवक की शिकायत पर ठगी का केस दर्ज कर लिया है। सीवन थाने में दी गई शिकायत में सीवन निवासी कुलभूषण ने बताया कि वर्ष 2023 की अगस्त में उसकी पहचान बिंदू राणा, संजीव पंडित, अशोक व मीना सैनी के साथ हुई। आरोपियों ने कहा कि वे वे युवकों को नौकरी लगवाते हैं। उनकी जान पहचान बड़े अधिकारियों के साथ है। उन्होंने उसे व उसके जानकारों को भी किसी ने किसी विभाग में सरकारी नौकरी लगवाने की बात कही। वह उनकी बातों में आ गया। उनसे स्वयं, अपने जानकार तुषार व संदीप को नौकरी लगवाने के लिए उनसे बातचीत की। आरोपियों ने तीनों को नौकरी लगवाने के नाम पर उनसे 24 लाख 20 हजार रुपये ले लिए। रुपये लेकर जल्द उनको नौकरी दिलाने की बात कही। काफी इंतजार के बाद भी जब आरोपियों ने उनमें से किसी को नौकरी नहीं दिलाई तो उन्होंने इस बारे में उनसे बातचीत की। उन्होंने फिर भी वही आश्वासन दिया।

## उपायुक्त ने ली योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर बैठक

# दो एबीपीओ को नोटिस जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि समग्र ग्रामीण विकास के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के उचित क्रियान्वयन के लिए जिला परिषद, डीडीपीओ, एक्सईएन पंचायती राज व बीडीपीओ कार्यालय आपसी तालमेल बनाकर कार्य करें। इन विभागों के विभागाध्यक्ष योजनाओं की लगातार मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता बनाए



कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक लेते। *फोटो :हरिभूमि*

रखने के लिए सरपंच गंभीरता से कार्य करें। यदि कोई सरपंच लापरवाही बरतता है तो उसे नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाए। डीसी ने काम में लपरवाही बरतने पर दो एबीपीओ को नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए। डीसी प्रीति ने जिले में ग्रामीण विकास के लिए संचालित की जा रही योजनाओं की समीक्षा बैठक में उक्त आदेश जारी किए।

#### गंभीरता से कार्य करे

बीडीपीओ गंभीरता से कार्य करें। यदि कोई सरपंच साफ-सफाई करवाने के कार्य में लापरवाही बरतता है तो उसे नोटिस जारी करें। उन्होंने बीडीपीओ को निर्देश देते हुए कहा कि बीडीपीओ सिंचाई विभाग की ड्रेनों की सफाई की जल्द से जल्द रिपोर्ट दें। ठोस कचरा प्रबंधन योजना को लेकर जमीनी स्तर पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही विधायक आदर्श ग्राम योजना, स्वर्ण जयंती खंड उत्थान योजना, प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम, गोबरधन, जनसंवाद, सीएम विंडो, ई-लाइब्रेरी, महिला संस्कृति केंद्र, आंगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर हुए कार्यों की समीक्षा की। जिप के सीईओ सुरेश राविश, डिप्टी सीईओ रितू लाठर, डीडीपीओ कंवर दमन, कार्यकारी अधिकारी नारायणदत्त के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाई जाए और गुणवत्ता के साथ समझौता न किया जाए। मनरेगा के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को काम दिया जाए और सभी की हाजरी शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। इससे एक ओर ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्य होगा, वहीं दूसरी ओर मनरेगा के तहत आजीविका मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### खेत से दो सोलर पंप बिजली केबल चोरी

**जींद।** गतौली खेतों से दो सोलर पंप तथा बिजली केबल गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव गतौली निवासी सेवा सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत तथा पडोसी प्रेम के खेत से सोलर पंप तथा कीमती केबल को चोरी कर लिया। चोरी की घटना का सुबह उस समय पता चला जब वे खेत में पहुंचे। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव बेरीखेड़ा से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बेरीखेड़ी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 23 जून दोपहर को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### सीआरएसयू ने एबीवीपी की मांग की पूरी

**जींद।** सीआरएसयू प्रशासन ने एबीवीपी की मांग को पूरा किया है। सीआरएसयू में एबीवीपी इकाई के अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद ने विवि के कंट्रोलर को मांग की कि थी विवि और कॉलेज में पढ़ रहे सभी छात्रों को स्पेशल और मर्सी चांस दिया जाए। इसके बाद विवि प्रशासन ने अधिसूचना जारी भी कर दी है। कहा कि स्पेशल चांस और मर्सी चांस के फॉर्म भरने 26 जून से शुरू हो रहे हैं, जो विद्यार्थी अपने फॉर्म चार जुलाई तक भर सकते हैं।

### प्रशिक्षण कैंप में छात्राओं ने की प्रतिभागिता

**नरवाना।** जवाहर लाल नेहरू विद्यालय खुंगा कोठी में राष्ट्रीय कैडेट कोर का दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज पूरा हुआ। शिविर में आर्य कन्या कालेज की 25 कैडेट ने सफलतापूर्वक प्रतिभागिता की। प्राचार्या मीना गर्ग ने बताया कि विद्यालय में गत वर्ष ही एनसीसी यूनिट आरंभ की है। ये कैडेट का प्रथम प्रशिक्षण शिविर था।

### गुरमत सिखलाई कैंप 27 जून से

**जींद।** हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के दिशा-निर्देश अनुसार एवं गुरू रतन आशीश संगीत सेंटर तथा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अंतरिंग सदस्य सरदार करनैल सिंह के सहयोग से स्थानीय ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में 27 जून से 29 जून तक गुरूघर से जुड़े बच्चों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। गुरूघर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में गुरूघर की संगतों के बच्चों को सिख रहित मर्यादा, गुरबाणी सन्थिया, गुरू इतिहास तथा गुरबाणी कीर्तन का अभ्यास करवाया जाएगा।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट सम्मानित

**जींद।** 15वीं हरियाणा बटालियन के द्वारा आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन एनसीसी कैंप के समापन समारोह का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। उत्कृष्ट ड्रिल प्रदर्शन एवं उत्कृष्ट संस्थान के लिए एनसीसी विंग पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय खुंगा कोठी जींद को सम्मानित किया गया। एल्फा कंपनी को ओवरऑल बेस्ट कंपनी का पुरस्कार प्रदान किया गया।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के प्रति किया जागरूक

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कंडेला के तहत उपस्वास्थ्य केंद्र रूपगढ़ के गांव जीतगढ़ में नुक्कड़ सभा का आयोजन सीएचओ डा. दीपक कौशिक व स्वास्थ्य कार्यकर्ता देवीराम कौशिक ने किया। इसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर जागरूक किया। ग्रामीणों को पीएनडीटी एक्ट की जानकारी, भ्रूण हत्या रोकने, गर्भ में लिंग जांच करवाने बारे अवगत करवाया गया।

---

श्रद्धालुओं ने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया

# अषाढ़ माह की अमावस्या पर लगाई पिंडारा तीर्थ पर डुबकी

*श्रद्धालुओं ने सूर्यदेव को जलार्पण कर सुख समृद्धि की कामना की*

पूरी रात धर्मशालाओं में सत्संग व कीर्तन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अषाढ माह की अमावस्या पर बुधवार को पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान कर पितृ तर्पण किया और सुखद भविष्य की कामना की। ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर मंगलवार शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। पूरी रात धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। बुधवार सुबह से ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया जो मध्यान्ह के बाद तक चलता रहा। इस मौके पर दूर दराज से आएं श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्यदेव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की। पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस्या पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है। महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या, विशेषकर सोमवती अमावस्या पर यहां पिंडदान करने का विशेष महत्व है। यहां पिंडदान करने के लिए विभिन्न प्रांतों के लोग श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं ने यहां खरीददारी भी की।



जींद। पिंडारा तीर्थ पर स्नान करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



जींद। अषाढ़ अमावस्या पर पांडू पिंडारा तीर्थ पर पिंडदान करवाते श्रद्धालु।

#### जरूरतमंद लोगों को दान करना बेहद शुभ

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पितृ दोष से मुक्ति के लिए आषाढ़ अमावस्या को महत्वपूर्ण माना गया है। आषाढ़ माह की अमावस्या आषाढ़ी अमावस्या या हल हलहारिणी अमावस्या कहलाती है। इस तिथि को बेहद खास माना जाता है। कृष्ण पक्ष की चौदहवीं तिथि के बाद चंद्रमा, सूर्य मंडल में प्रवेश करता है और सूर्य अमा नाम की किरण में रहता है। इसलिए यह तिथि अमावस्या कहलाती है। आषाढ़ अमावस्या के दिन स्नान, दान, पितरों का तर्पण करने से जीवन में खुशहाली बनी रहती है। इसलिए इस दिन श्रद्धानुसार जरूरतमंद लोगों को दान करना बेहद शुभ माना गया है।

---

# सीवरेज लाइनों की सफाई प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

बारिश के मौसम में सीवरेज जाम होने से पानी की निकासी नहीं हो पाती थी। बीते दिनों हुई मीटिंग में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा शहर में सीवरेज लाइन की सफाई बारिश के मौसम से पहले करने के निर्देश दिए थे। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर के बाजारों में जो मेन लाइन सीवरेज की है उसकी सफाई का काम शुरू कर दिया है। मशीन से सीवरेज की सफाई की जा रही है। बारिश के मौसम में बाजारों, कालोनियों में जलभराव होने की समस्या का समाधान करने की मांग करते हुए लोगों द्वारा बारिश के मौसम से पहले सीवरेज की मेन लाइन की सफाई करने की मांग की जा रही थी। रामकुमार, सूरजमल, राजा, बलजीत ने कहा कि बारिश में मौसम में पानी की निकासी न होने से कई-कई घंटों तक जलभराव बाजारों, कालोनियों में रहता है। जलभराव की समस्या बारिश के मौसम में न हो इसको लेकर जो सीवरेज की लाइन है उसकी सफाई करने की मांग की थी ताकि बारिश के पानी की निकासी सही प्रकार से हो सकें। सफाई का काम जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुरू कर दिया गया है। बाजारों में जो मेन लाइन है उसकी मशीन से सफाई की जा रही है।



उचाना। सीवरेज की सफाई करते हुए कर्मी। फोटो :हरिभूमि



जींद। भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### गिरता लिंगानुपात बड़ी समस्या

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत जलालपुर कलां गांव में बुधवार को स्वास्थ्यकर्मियों की सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर शपथ दिलाई व गर्भवती महिलाओं को व ग्रामीण महिलाओं को पीएनडीटी एक्ट की जानकारी दी । पूनम रानी कहा कि कन्या भ्रूण हत्या के कारण गिरता लिंगानुपात हमारे देश के सामने एक बहुत बड़ी सामाजिक समस्या है । इस समस्या के निदान के लिए सरकार को ही नहीं बल्कि हम सभी को सामाजिक दृष्टि से जागरूक होना होगा। इसके लिए हमें रूढ़िवादी सोच का परित्याग करना चाहिए। ईश्वर के प्रति आस्था व्यक्त करते संतान उसी की देन है और लड़का व लड़की एक समान हैं। पूनम रानी व पवन श्योकंद ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना बालिकाओं को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए बनाई गई योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित करना, बालिकाओं को शोषण से बचाना व उन्हें सही व गलत के बारे में अवगत कराना है।

### ग्रीन फील्ड हाईवे के पास से शराब ठेका हटवाने की मांग

**जींद।** चाबरी में जींद-सोनीपत ग्रीन फील्ड हाईवे के पास से शराब ठेका हटवाने के लिए सरपंच रोहताश सिंह ने डीसी मोहम्मद इमरान रजा को शिकायत दी है। डीसी ने मामला आबकारी विभाग को भेजते जांच के लिए आदेश दिए हैं। डीसी कार्यालय को दी शिकायत में सरपंच रोहताश सिंह ने कहा कि गांव में ग्रीन फील्ड हाईवे व राष्ट्रीय राजमार्ग 152 डी निकलते हैं। फिलहाल शराब ठेका हाईवे से महज पांच मीटर की दूरी पर है। नियमानुसार यह सही नहीं है। इस कारण वहां पर रोजाना बहुत से हादसे होते रहते हैं। कई बार आपराधिक घटनाएं भी हो चुकी हैं। सरपंच ने कहा कि उनका गांव में नशा मुक्त घोषित हो चुका है। इसलिए शराब के ठेके को या तो बंद किया जाए या फिर हाईवे से नियमानुसार दूर स्थापित किया जाए। वहीं डीईटीसी पुनीत शर्मा ने बताया कि हाईवे से 220 मीटर दूर ही शराब की दुकान खोली जा सकती है।

---

### हड़ताल को सफल बनाने की अपील की

**नरवाना।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन रजि न 41 संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा सिंचाई ब्रांच की मीटिंग बुलाई। मीटिंग की अध्यक्षता प्रधान विकास श्योकन्द और संचालन सचिव प्रदीप द्वारा किया गया। मीटिंग में मुख्य वक्ता जिला चेयरमैन राजबीर श्योकन्द ने बताया कि देशभर में कार्यरत ट्रेड यूनियनों एवं जन संगठनों द्वारा द्वारा घोषित 9 जुलाई को एक दिन की सांकेतिक राष्ट्रव्यापी हड़ताल में नियमित और कच्चे कर्मचारियों द्वारा बढ़.चढ़ कर भाग लेकर सफल बनाने की अपील की गई। राज्य सह सचिव विकास श्योकन्द ने बताया कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में रेशेनेलाइजेशन के नाम पर बेलदारए कैनाल गार्डए हेल्परए सुपरवाइजरए मैसनए अर्थवर्क मिस्त्रीए स्टोर कीपर सहित लोक निर्माण विभाग ;भवन एवं सड़कद्ध के मैकेनिकल विंग में कार्यरत कर्मचारियों के सैकड़ों पदों की कटौती करने की सिफारिश जो भेजी गई है उसमें पूर्णतय नियमों की अनदेखी की गई है। जिससे भविष्य में बेरोजगारी और विभागों की कार्यशैली पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।



नरवाना। बैठक को संबोधित करते कर्मचारी नेता। फोटो :हरिभूमि



जहां हादसा हुआ था, वहां प्रशासन द्वारा बनाया जा रहा स्पीड ब्रेकर।

### स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग

**जींद।** जींद विकास संगठन के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि गोहाना रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाने का जो काम प्रशासन आज कर रहा है, यदि यह काम समय रहते कर दिया जाता तो रजत सिंगला की जान बच सकती थी। प्रशासन अक्सर तभी जागता है जब हादसा हो जाता है। गोयल का कहना है कि प्रशासन द्वारा शहर की प्रमुख सड़कों पर जहां-जहां कट बने हैं, वहां स्पीड ब्रेकर लगाने का काम किया जा रहा है। दो दिन पहले राजकीय महिला महाविद्यालय के सामने जिस जगह पर बाइक सवार रजत सिंगला और सामने से आ रही बस की टक्कर हुई थी। उस जगह पर प्रशासन द्वारा आज स्पीड ब्रेकर बनाने का काम किया जा रहा है। यदि यह काम समय रहते कर दिया जाता तो कल हुई दर्दनाक दुर्घटना से बचा जा सकता था और रजत सिंगला की जान बच सकती थी। गोयल ने जिला प्रशासन से अपील की है कि शहर की प्रमुख सड़कों पर जहां-जहां कट बने हुए हैं, वहां तुरंत स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं।

### एशियन चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक



**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के राजगढ़ गांव के किसान के बेटे नितिन लाठर ने 24 जून को वियतनाम में आयोजित ग्रीको रोमन कुश्ती एशियन चैंपियनशिप में 92 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीत कर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नितिन लाठर के पिता सुकिंद्र एक किसान हैं और माता एक गृहणी हैं। किसान परिवार में जन्मे नितिन का सपना है कि वो ओलंपिक में खेलते हुए देश के लिए गोल्ड मेडल जीते। नितिन ने इससे पहले भी खेलो इंडिया में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता था। सुकिंद्र लाठर ने कहा कि उनके परिवार का सपना है कि उनका बेटा देश के लिए खेलते हुए देश का नाम रोशन करे। इसी के लिए नितिन दिन रात मेहनत कर रहा है। उन्हें उम्मीद है कि वो देश के नाम एक दिन गोल्ड मेडल जीतेगा।




जींद। बैठक में भाग लेते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### नशा तस्करों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई

**जींद।** एनडीपीएस यानि नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट को लेकर एडीसी कार्यालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें इस एक्ट की पालना के लिए लगाए गए डयूटी मजिस्ट्रेट ने भाग लिया। अध्यक्षता करते एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि एक्ट के तहत किसी भी मादक पदार्थ या दवा के उत्पादन, बिक्री, खरीद भंडारण आदि पर पूरी तरह प्रतिबंध है। पुलिस विभाग इस संबंध में कहीं पर छापेमारी करता है तो संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी डयूटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में करवाना सुनिश्चित करें। एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि जिला में नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ अधिकारी सख्ती से निपटना सुनिश्चित करें। कहीं भी छापेमार कार्यवाही होती है तो उसकी पूरी वीडियोग्राफी करवाई जाए ताकि पूरी कार्रवाई पारदर्शी तरीके से संपन्न हो। जिला प्रशासन का ध्येय है कि नशाखोरी जिले में किसी भी सूरत में न हो। एनडीपीएस एक्ट में जो भी प्रावधान है उसी के अनुरूप डयूटी मजिस्ट्रेट कार्य करें। प्रशासन ने डयूटी मजिस्ट्रेट का रोस्टर तैयार किया हुआ है।

---



अलेवा। राजकीय महाविद्यालय अलेवा में प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

### निबंध प्रतियोगिता में रश्मि प्रथम

**अलेवा।** राजकीय महाविद्यालय अलेवा में नशा विरोधी सेल द्वारा नशामुक्त भारत विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेल प्रभारी डा. मधुबाला ने की तथा मुख्य रूप से प्राचार्या सुनीता दुग्गल ने भाग लिया। संचालन नशा विरोधी सेल सदस्य प्रदीप ने किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने हिंदी और अंग्रेजी भाषा में निबंध द्वारा नशे के खिलाफ समाज को जागरूक किया। प्रतियोगिता में रश्मि ने प्रथम, नीरज ने द्वितीय तथा अंकित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डा. मधुबाला ने विद्यार्थियों को जागरूक करते कहा कि नशा समाज में बुराई के रूप में पैर फैला चुका है। इसे खत्म करने के लिए हम सभी को जागरूक होकर आगे आना होगा। नशे की आदत न केवल उस व्यक्ति को बर्बाद करती है, बल्कि परिवार एवं समाज को भी प्रभावित करती है। नशाखोरी के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है।

# हड़ताल में बिजलीकर्मी लेंगे बढ़ चढ़कर भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की बैठक सब यूनिट प्रधान कश्मीर की अध्यक्षता में आयोजित की। बैठक में नौ जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर मंथन किया गया। बैठक का संचालन सिटी सब यूनिट प्रधान राजेश ने किया। बैठक को मुख्य वक्ता राज्य प्रधान सुरेश राठी ने कहा बिजली विभाग का निजीकरण किसी भी सूरत में नही होने दिया जाएगा। भाजपा ने सत्ता से पहले बहुत बड़े-बड़े वादे किए थे लेकिन भाजपा सरकार ने पिछले 11 साल में एक भी मांग पूरी नही की है। सभी वर्ग किसान, मजदूर, कर्मचारी व्यापारी, छात्र आंदोलनरत हैं। सरकार सभी विभागों को बड़े पूंजीपतियों को बेचने का काम कर रही है। श्रम सुधार कानून में मजदूर विरोधी बदलाव कर रही है। जिससे शोषण बढ़ेगा। बिजली के तमाम कर्मचारी नौ जुलाई की हड़ताल में बढ़चढ़कर शामिल होंगे। राज्य उप प्रधान संजीव, सर्कल सचिव धर्मबीर ने कहा कि मुख्य मांगे कच्चे कर्मचारियों को बिना शर्त पक्का किया जाए। पुरानी पेंशन बहाल की जाए। विभागों में खाली पड़े लाखों बेरोजगारों को स्थायी भर्ती से भरा जाए। बिजली निगम में हजारों पद खाली हैं, कर्मचारियों को अढाई अढाई सौ किलोमीटर दूरी नौकरी करने के लिए मजबूर किया जाता है।



जींद। बैठक को संबोधित करते कर्मचारी नेता। फोटो :हरिभूमि




जींद। प्रतियोगिता में विजेता रही टीम। फोटो :हरिभूमि

### पिट्टू प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम द्वितीय

**जींद।** उत्तराखंड के रायपुर में 18 से 20 जून तक आयोजित दूसरी राष्ट्रीय जूनियर पिट्टू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें हरियाणा पिट्टू टीम की जूनियर महिला और पुरुष दोनों वर्गों की टीम ने हिस्सा लिया। हरियाणा की पुरुष वर्ग में अच्छा प्रदर्शन करके फाइनल में पहुंचे लेकिन फाइनल मैच में मध्य प्रदेश से हार कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। हरियाणा टीम ने उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। हरियाणा जूनियर टीम में जींद जिले से दनौदा गांव से अतुल, आदित्य, हैबतपुर से अनिकेत, जींद से तरुण, अजय और कोथ कलां से अभी, अमित और जीवनदीप ने भाग लिया। हरियाणा टीम के कोच सुमित कुमार, अमन कुमार और रवि कुमार और महिला कोच रेखा और मोनिका शामिल रहे। हरियाणा पुरुष की टीम के दूसरा स्थान प्राप्त करने पर हरियाणा पिट्टू एसो के सचिव संजय और पिट्टू एसोसिएशन हरियाणा की प्रधान सुमन देवी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

बोर्ड की साइट नहीं चलने व कर्मचारियों की मनमर्जी से श्रमिक दुःखी

# कल्याण बोर्ड बना सफेद हाथी, मजदूर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

श्रम विभाग का कल्याण बोर्ड नए पंजीकरण के लिए सफेद हाथी बना हुआ है। बोर्ड की साइट नहीं चलने व कर्मचारियों की मनमर्जी के कारण निर्माण मजदूर पंजीकरण के लिए धक्के खाने पर मजबूर हैं। भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा के जिला सचिव संदीप जाजवान ने कहा कि कल्याण बोर्ड में प्रतिदिन निर्माण मजदूर अपना पंजीकरण करवाने के लिए अपने काम चक्कर कटवाए जा रहे हैं। जब निर्माण मजदूर पंजीकरण खिड़की पर आते हैं तो विभाग के कर्मचारी मजदूरों को गुमराह करते हैं और उन्हें वापस भेज देते हैं। निर्माण का मजदूर बोर्ड द्वारा दी जाने वाले सभी दिशा-निर्देशों को पूरा करने के बाद ही अपना पंजीकरण करवाने के लिए श्रम बोर्ड के कार्यालय में आते हैं लेकिन तमाम शर्तें पूरी करने के बाद भी कर्मचारी पंजीकरण नहीं करते। कर्मचारियों ने कहा कि बोर्ड की वेबसाइट नहीं चलने के चलते ही हम मजदूरों को वापस भेजते हैं जबकि मजदूरों ने बताया जब वेबसाइट चल रही थी। तब भी परिवार पहचान पत्र में पता सत्यापित करवा कर लाने, निर्माण मजदूर सत्यापित करवाकर लाने, अपना खुद का एटीएम कार्ड लेकर आनेए कार्यस्थल का फोटो खींच कर लेकर आने, हाजिरी रजिस्टर की फोटो कॉपी लेकर आने आदि की डिमांड की जाती है। जबकि इन कर्मियों का काम सिर्फ पंजीकरण ऑनलाइन करने तक का ही हैं। पिल्लूखेड़ा ब्लॉक के कलावती व गांगोली गांव से पंजीकरण करवाने के लिए पहुंचे सतीश, दिलबाग, अनिल, मधु आदि ने बताया कि वे सोमवार को भी पंजीकरण के लिए आए थे लेकिन उनका पंजीकरण नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ दलालों के काम फोन पर ही हो जाते हैं। इसकी शिकायत कई बार आला अधिकारियों से भी की थी लेकिन अभी तक अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की गई। अगर कर्मचारियों का मजदूरों के प्रति ऐसा ही रुख रहा तो यूनियन आंदोलन के लिए मजबूर होगी। जिला सचिव ने कहा कि बीजेपी सरकार एक तरफ तो गरीब हितैषी होने का दम भरती हैं और हर गरीब तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की बात करती हैं लेकिन हकीकत बिलकुल उलट है।



जींद। पंजीकरण न होने पर रोष जताते श्रमिक। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। भंडारे में प्रसाद वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सनातन धर्म मंदिर में भडंडारा लगाया

**नरवाना।** भगवती क्लब नरवाना द्वारा अमस्या के शुभ अवसर पर सनातन धर्म मंदिर में कढ़ी चावला व जलेबी का 88 वाँ भण्डारा लगाया गया इस नेक कार्य के साथ साथ बढती हुई गर्मी को देखते मिठे शर्बत वाले दूध की भी छबील लगाई गई जिसमें सेवा देने के लिए क्लब के प्रधान राकेश गर्ग क्लब के कैशियर दिनेश गर्ग उनके पुत्र अनिश गर्ग क्लब के सचिव भारत गर्ग सन्दीप ;बिन्टाद्ध राधेश्याम गर्ग वेद प्रकाश सैनी विक्रम गोयल वरूण गुप्ता सुमित गोयल पवन मित्तल अनुप गोयल जी के पुत्र राघव गोयल ने बखूब सेवा की और इसके साथ ही क्लब के उप.प्रधान जोनी सिंगला ने बताया की आमावस्य भण्डारे के बाद जो भी रविवार आता है उस रविवार को नरवाना भगवती क्लब की और से महाराज अग्रसेन चौंक से सुबह 05:30 बजे माँ बनभौरी धाम के दर्शनों के लिए निशुल्क बस को ले जाया जाता है!

**खबर संक्षेप**

## नशा न करने बारे किया जागरूक

**कैथल।** नशा मुक्त भारत पखवाड़ा तहत एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा आमजन को लगातार नशा णा करने बारे जागरूक किया जा रहा है। बुधवार को एस एच ओ तितरम एस आई कृष्ण कुमार की टीम द्वारा गांव चंदाना में ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों बारे अवगत करवाते हुए नशा ना करने बारे जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जागरूक टीम ने युवाओं, महिलाओ तथा अन्य आमजन को नशे के दुशप्रभाव बताए गए।

## अमरनाथ यात्रा का पूंडरी मंडी में होगा स्वागत

**पूंडरी।** बर्फानी सेवा मंडल रजि. की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी श्री अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की सेवा हेतु विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मंडल के प्रमुख सेवादार एवं अनाज मंडी पूंडरी के प्रतिष्ठित समाजसेवी नरेश कुमार गर्ग ने बताया कि बर्फानी सेवा मंडल द्वारा 31वीं विशाल श्री अमरनाथ बालटाल सेवा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जो 3 जुलाई से 9 अगस्त तक चलेगी। इस यात्रा का भव्य स्वागत 28 जून को पूंडरी की अनाज मंडी में किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भंडारे की सुविधा होगी।

## लोगों को भ्रूण जांच न कराने की शपथ दिलाई

**राजौंद।** बुधवार को गांव मण्डवाल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत अनीता देवी ने उपस्वास्थ्य केंद्र पर लोगों को कन्या भ्रूण जांच न कराने की शपथ दिलाई। उन्होंने लोगों को बताया कि बेटियां आज बेटों से किसी भी क्षेत्र कम नहीं हैं। आजकल बेटियां हर क्षेत्र में बेटों की बराबरी कर रही हैं। जैसे बेटियां हवाई जहाज उड़ानें में, देश की रक्षा करने में, टेक्नोलॉजी में, चिकित्सा एवं अनुसंधान में तथा इंजीनियरिंग में बेटों के साथ अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

## युवाओं को दिलाई नशा न करने की शपथ

**राजौंद।** राजौंद के राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत यूथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब के तत्वावधान में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य नशीली दवाओं, पदार्थों के दुरुपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। महाविद्यालय के स्टाफ व विद्यार्थियों ने शपथ ली कि हम प्रत्येक व्यक्ति युवा को प्रोत्साहित करते हुए नशीली दवाओं के प्रति दुष्प्रभावों जागरूकता पैदा करेंगे ताकि भारत का युवा वर्ग नशा मुक्त जीवन- यापन कर सके।

## नीतियों के खिलाफ 9 को करेंगे राष्ट्रव्यापी हड़ताल

**कैथल।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर जवाहर पार्क स्थित संगठन कार्यालय में जिला कार्यकारिणी की बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान शिवचरण ने व जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि राज्य मे लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है और कर्मचारियों, परियोजना कर्मियों ,मजदूरों व आम मेहनतकश जनता की उपेक्षा के साथ वादाखिलाफी कर रही है, जिसे सहन नहीं किया जाएगा।

*कैथल में भगवान परशुराम मेडिकल कालेज का तेजी से हो रहा है निर्माण*

# परशुराम पहरावर धाम को मिलकर विकसित और भव्य प्रतिमा की स्थापना करेगा समाजः डॉ अरविंद शर्मा

- भगवान परशुराम जन्मोत्सव के सफल आयोजन का आभार व्यक्त करने कैथल पहुंचे कैबिनेट मंत्री
- गौड ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के तीसरे कैंपस से प्रदेश के युवाओं को मिलेंगे रोजगारपरक अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज मिलकर परशुराम पहरावर धाम को विकसित करेगा और भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा की स्थापना करेगा। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता व सर्व समाज के सहयोग से 30 मई को रोहतक के पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के कोने-कोने, हर गांव, हर गली से विशाल जनसमूह उमड़ा। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर गौड ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के तीसरे कैंपस में तीन शिक्षण संस्थानों का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हाथों शिलान्यास हुआ, जो प्रदेश के युवाओं को रोजगारपरक अवसर उपलब्ध करवाने में अहम योगदान देंगे। बुधवार दोपहर ब्राह्मण धर्मशाला में सर्व ब्राह्मण सभा हरियाणा के तत्वावधान में प्रदेश के सभी जिलों के ब्राह्मण संगठनों के जिलाध्यक्षों व प्रतिनिधियों द्वारा सुरेंद्र शर्मा बडौता व विजय शर्मा विक्की की अगुवाई में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा का जोरदार अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए फरसा भेंट किया गया। मंत्री ने ब्राह्मण धर्मशाला में विकास कार्य के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हाथों गौड ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के तीसरे कैंपस में पांच शिलान्यास होने से 50 साल बाद शुभ शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भगवान परशुराम पब्लिक स्कूल, भगवान परशुराम इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ, भगवान परशुराम नर्सिंग कालेज फार गर्ल्स, गौड़ संस्था के प्रशासनिक भवन व परशुराम की भव्य प्रतिमा का शिलान्यास किया।



**कैथल।** सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

### समाज को एकजुट होकर काम करना होगा

कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि हमें एकजुट होकर काम करना है, क्योंकि जितना ब्राह्मण समाज एकजुट होगा, उतना समाज को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही गौड़ संस्था की सदस्यता की प्रक्रिया शुरू होगी और उसमें आप सब अपनी भागीदारी जरूर करें। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण सभा हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बड़ौता, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि सुरेश गर्ग, राजकुमार शर्मा, विजय शर्मा, कुलदीप कौशिक, अजय कौशिक, रतन शर्मा, अर्जुन शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, सुदामा शर्मा, नरेंद्र कौशिक समेत बड़ी संख्या में विभिन्न जिलों के ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**मिशन एडमिशनः** मेरिट सूची कम सीट अलाटमेंट का शेडयूल जारी

# आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि कल

- 3 जुलाई को जारी होगी दाखिले को लेकर पहली मेरिट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई) में दाखिले को लेकर आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 जून है। इसके साथ ही कौशल विकास व औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की ओर से मेरिट लिस्ट का शेड्यूल जारी किया गया है। ऐसे में अब आवेदन की अंतिम तिथि आगे बढती नजर नहीं आ रही है। आंकडों के अनुसार आनलाइन आवेदन में कैथल का राजकीय आइटीआइ प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। इसके साथ ही राजकीय आइटीआइ महिला भी युवतियों व महिलाओं की पहली पसंद बना हुआ है। यहां सुबह से लेकर सायं तक युवतियां फार्म जमा करवाने के लिए पहुंच रही हैं।

बता दें कि विभाग की ओर से जारी शेडयूल अनुसार 6 जुलाई से दाखिला के लिए आवेदन शुरू हुए थे। पहले फेज में 20 जून तक आवेदन हुए थे। इसके बाद से ही आई.टी.आई में युवाओं की भीड़ उमड़ रही थी। उसके बाद युवाओं के रुझान अनुसार 21 जून से 27 तक दोबारा दाखिला की डेट बढ़ा दी थी।





**कैथल।** आइटीआइ में दाखिला लेने के लिए पहुंची युवतियां। फोटो : हरिभूमि

### यूं रहेगा काउंसलिंग का शेडयूल

**पहला राउंड**

3 जुलाई को आई.टी.आई में दाखिले को लेकर पहली मेरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट जारी होगी। मेरिट लिस्ट में जगह पाने वाले विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच आई.टी.आई में फिजिकल वेरिफिकेशन के आधार पर 3,5 और 7 जुलाई को होगी। विद्यार्थी 8 जुलाई तक अपनी फीस जमा करवा सकेंगे।

**दूसरा राउंड**

दूसरे राउंड के लिए 9 जुलाई को खाली सीटों की सूची जारी होगी। पोर्टल खुलने के बाद 9 से 10 जुलाई तक विद्यार्थी ट्रेड में बदलाव कर सकते हैं। 11 जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी, जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, वह विद्यार्थी 11, 12 और 14 जुलाई को आई.टी.आई में आकर फिजिकल वेरिफिकेशन के आधार पर दस्तावेजों की जांच करवा सकते हैं और 15 जुलाई तक विद्यार्थी फीस भर सकेंगे।

**तीसरा राउंड**

इसके उपरांत 16 जुलाई को तीसरे राउंड के लिए खाली सीटों की सूची जारी होगी। 16 जुलाई से 19 जुलाई तक दोबारा से विभाग की ओर से पोर्टल खोला जाएगा, जिसमें विद्यार्थी अपने ट्रेड में बदलाव कर सकते हैं। इसके बाद 22 जुलाई को तीसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी, जिन विद्यार्थियों का नाम तीसरी मेरिट लिस्ट में आएगा, वह विद्यार्थी 26 जुलाई तक आई.टी.आई में आकर दस्तावेजों की जांच करवा सकते हैं और 27 जुलाई तक विद्यार्थियों के पास फीस भरने का समय रहेगा।

**18 आई.टी.आई में दाखिला प्रक्रिया जारी**

आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो जिले में कुल कुल 09 राजकीय और 09 प्राइवेट आई.टी.आई हैं। सभी में मिलाकर दाखिला की सीट करीब 5000 हजार हैं। जिले की कैथल आई.टी.आई में 1250 सीटों के लिए बुधवार तक 7418 आवेदन आए है।

**अतिरिक्त वेटेज से बढ़ा रुझान**

इस बार आई.टी.आई में दाखिले के लिए छात्र इसलिए भी आवेदन कर रहे हैं कि अग्निवीर योजना में जहां आई.टी.आई पास युवाओं को पांच नंबर की अतिरिक्त वेटेज दी जा रही है। इसके अलावा सेना, रेलवे में समय-समय पर भर्तियां निकाली जाती हैं, जिनमें आई.टी.आई कोर्स को प्राथमिकता दी जाती है।

**ऑनलाइन आवेदन करें**

आई.टी.आई में दाखिले को लेकर विद्यार्थी 27 जून तक दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कौशल विकास व औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की ओर से मेरिट लिस्ट का शेड्यूल जारी किया गया है। 3 जुलाई को पहली मैरिट सूची जारी की जाएगी।

-सतीश मच्छाल, प्रधानाचार्य आई.टी.आई कैथल।

# आपातकाल इतिहास का काला अध्याय

- आपातकाल लगाकर कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या की : देवेंद्र अत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कांग्रेस द्वारा थोपे गए आपातकाल को इतिहास का काला अध्याय बताया और कहा कि कांग्रेस आज भी स्वाभाविक रूप से लोकतंत्र विरोधी पार्टी है। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर न केवल संविधान को कुचला बल्कि प्रेस की आजादी और नागरिकों के अधिकारों को बंधक बनाया। अत्री ने कहा कि 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांत्यि का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोप दिया। कांग्रेस जब-जब संकट में होती है तब-तब संविधान और देश की आत्मा को ताक पर रखने से पीछे नहीं हटती। आपातकाल के 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है। कांग्रेस ने तरीकों को बदला है। कांग्रेस की नीयत आज भी वैसी ही तानाशाही वाली है। संविधान की हत्या करने वालों से लोगों को हुई तकलीफों के बारे में आज की पीढ़ी को जानकारी होना जरूरी है। कांग्रेस का आज भी वही रवैया है। आपातकाल के दौरान एक परिवार को संविधान से ऊपर रखने वाली कांग्रेस आज भी राहुल, प्रियंका के इर्द गिर्द सिमटी हुई है और सत्ता की चाबी अब भी सिर्फ खानदानी जेब में रखी जाती है।



**उचाना।** अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुनते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

## योग को ईश्वरी सेवा मानकर जन-जन तक पहुंचायेः गुरमीत सीड़ा



**गुहला-चीका।** पतंजलि योग समिति चीका द्वारा ताऊ देवीलाल पार्क में पतंजलि जिला प्रभारी एवं आचार्य हरिओम शोकल के तत्वावधान में चल रही नियमित योग कक्षा में योग साहयक गुरमीत सीड़ा ने स्कंद चालान, ग्रीवा चालान, वृक्ष आसान, ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, शशांक आसन, मर्कटासन, सेतुबंध आसान के साथ-साथ प्राणायाम और ध्यान की भी साधना कराई गई। सीड़ा ने कहा कि योग को ईश्वरीय सेवा मानकर जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग केवल एक शारीरिक गतिविधि नहीं है, बल्कि एक समग्र अनुशासन है जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन को बढ़ावा देता है। सीड़ा ने कहा कि अगर हम में से हर कोई हर दिन योग और टहलने के लिए थोड़ा सा भी समय निकालता है, तो इससे हमारी फिटनेस, फोकस और ऊर्जा के स्तर में काफी सुधार होगा। इससे व्यक्तिगत सेहत और पेशेवर दक्षता दोनों में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शरीर को मजबूत करता है बल्कि मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक स्थिरता और लचीलापन पैदा करता है।

## एसएमओ ने ली कर्मचारियों की बैठक

**राजौंद।** राजौंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. कीर्ति शर्मा की अध्यक्षता में खंड राजौंद के रजिस्टार,नगर पार्षद, आंगनवाड़ी सुपरवाइजरो, हेल्थ आशा वर्करों की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. कीर्ति शर्मा ने बताया कि हर सप्ताह अपने-अपने गांव में एएनएम व आशा वर्कर आंगनवाड़ी वर्करों के साथ मीटिंग करें। इस दौरान लोगों को कन्या भ्रूण हत्या न करने बारे जागरूक करें। इसके अलावा परिवार नियोजन के बारे में भी लोगों को जानकारी दें। इस दौरान दस्त नियंत्रण पखवाड़े के बारे में भी विशेष जानकारी दें।

## भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से की शिष्टाचार भेंट



**पूंडरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कई अहम विषयों पर चर्चा हुई, विशेषकर पार्टी संगठन की मजबूती, युवाओं को जोडने की रणनीति, और क्षेत्रीय विकास योजनाओं को लेकर सुझाव दिए गए। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष देवीदयाल बरसाना, पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता अमित टाया और भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री जोनी मैहला शामिल थे। नेताओं ने मुख्यमंत्री को पूंडरी क्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक और विकासात्मक परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति से अवगत करवाया और कुछ महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की। इसमें विशेष रूप से सड़कें एवं जल निकासी व्यवस्था में सुधार तथा युवा वर्ग के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना जैसे मुद्दे शामिल रहे।

# मोदी सरकार ने अहम निर्णय लिए

- मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत पूंडरी मंडल के फतेहपुर शक्ति केंद्र नंबर 2 पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में जिला सचिव महिला मोर्चा निधि मोहन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी एक सशक्त पहचान बनाई है और आम जनता के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में भाजपा सरकार ने गरीब, किसान, मजदूर, महिला सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के हित में निर्णय लिए हैं। आज हर वर्ग को उसका हक और सम्मान मिल रहा है।कार्यशाला में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाएं ताकि अधिक से अधिक लोग भाजपा की नीति और नीयत से परिचित हो सकें।कार्यक्रम में मंडल महामंत्री ऋषि कुमार, बूथ अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, सुल्तान सिंह, बूथ पालक विक्रम, रवि, सोमनाथ, जोधाराम सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



**पूंडरी।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा कार्यकर्ता।

# वित्तीय योजनाओं के लिए बैंक चलाएंगे संतृप्ति अभियान : एडीसी

- एक जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक चलेगा अभियान

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि हरियाणा राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति द्वारा आगामी एक जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक वित्तीय योजनाओं के लिए संतृप्ति अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व अटल पेंशन योजनाओं के तहत रि-वेरिफिकेशन कार्य, इन योजनाओं से नए लोगों को शामिल करने तथा नए अकाउंट खोलने आदि कार्यों के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित होंगे। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा बुधवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस हॉल में बैंकर्स द्वारा वित्तीय योजनाओं के लिए चलाए जाने वाले संतृप्ति अभियान को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इससे पहले हरियाणा एसएलबीसी कन्वीनर ललित तनेजा ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इस अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी करें कि वे इस अभियान के तहत लगाए जाने वाले शिविरों में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी निभाएं।

# जुलाना की सड़कों का होगा नवीनीकरण

- कैप्टन योगेश बैरागी नें मुख्यमंत्री को सौंपा था सड़कों की मरम्मत और चौड़ीकरण का मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना विधानसभा में ग्रामीण क्षेत्र की कई सड़कों की मरम्मत, नवीनीकरण और चौड़ीकरण के लिए सरकार नें लगभग 22 करोड़ की ग्रांट को मंजूरी दी है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद सड़कों की स्थिति सुधारने का काम जल्दी ही शुरू हो जाएगा। भाजपा विधानसभा प्रत्याशी रहे कैप्टन योगेश बैरागी नें सिंध्वीखेड़ा से बराह खुर्द तक, राजगढ़ से देशखेड़ा तक, रामराये से बागनवाला तक, नंदगढ़ से भैरोखेड़ा तक, नंदगढ़ से ढिगाना तक और रोहतक रोड से बूढ़ाखेड़ा लाठर होते हुए करसोला तक कुल करीब 26 किमी की सड़क के नवीनीकरण और चौड़ीकरण के लिये प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी को मांगपत्र सौंपा था। जिसकी अनुमति सरकार नें विभागीय सर्वे कराने के बाद दे दी है।

कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि यह अभी सिर्फ शुरुआत है। आने वाले समय में और योजनाओं के लिए जुलाना विधानसभा में भरपूर बजट आएगा। भाजपा सरकार का फोकस है कि सारा विकास सिर्फ शहर तक सीमित ना रहे। ग्रामीणों को और किसानों को भी सरकारी सुविधाओं का पूरा फायदा मिलना चाहिए। सड़क विकास की पहली सीढ़ी है।



**जुलाना।** कैप्टन योगेश बैरागी सीएम को अन्य विकास कार्यों को लेकर मांगपत्र सौंपते हुए।

**चेतावनी** नशा प्रचलन की गंभीर समस्या को लेकर प्रशासन हरकत में नजर आया

*जिला औषधि निरीक्षक ने केमिस्ट एसोसिएशन के साथ की विशेष बैठक*

# प्रतिबंधित औषधियों की अवैध बिक्री किसी भी सूरत में नहीं होने दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में नशा प्रचलन की गंभीर समस्या को लेकर प्रशासन हरकत में नजर आ रहा है। इस कड़ी में बुधवार को जिला औषधि निरीक्षक चेतन वर्मा ने कलायत का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने केमिस्ट एसोसिएशन के साथ विशेष बैठक की। कृष्णा मेडिकल हाल आयोजित बैठक में औषधि निरीक्षक ने कहा कि प्रदेश सरकार नशे के खिलाफ अभियान को गतिमान किए हुए है। अभियान केवल सरकार या अधिकारियों से ही पूरा नहीं हो सकता। अभियान को संपूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए जन सहयोग जरूरी है। इसके साथ ही उन लोगों की जिम्मेवारी ज्यादा बढ़ जाती है जिनके पास दवा बेचने व स्वास्थ्य से संबंधित जिम्मा है। इस वर्ग को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी तरह प्रतिबंधित दवाएं न बिक पाएं। केमिस्ट व चिकित्सक सही मायने में रोगी के बीच की सबसे बड़ी कड़ी है।



**कलायत।** कलायत में केमिस्ट एसोसिएशन के साथ बैठक करते औषधि निरीक्षक चेतन वर्मा। फोटो : हरिभूमि

### केमिस्ट के संकल्प से रुक सकता है नशा

उन्होंने कहा कि नशा केमिस्टों की दुकानों से ही बिकता है। यदि केमिस्ट इस बात का प्रण कर लें की वे किसी भी सूरत में नशे की दवाईयां नहीं बेचेंगे तो समस्या पर विराम लगना तय है। आपातकाल स्थिति में चिकित्सक की पर्ची पर प्रतिबंधित दवाएं मरीज को उपलब्ध करवाई जा सकती हैं। बैठक में मौजूद केमिस्टों को निर्देश दिए कि वे नशा मुक्त समाज इस अभियान में कतई चूक न करें। इस अवसर पर एसोसिएशन प्रधान आनंद शर्मा व संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारी को आश्वासन दिया गया कि प्रतिबंधित औषधियों की अवैध बिक्री नहीं होने दी जाएगी। केवल अधिकृत चिकित्सकीय पर्ची पर ही निर्धारित दवाएं दी जाएंगी। कोई भी नारकोटिक, साइकोट्रॉपिक अथवा प्रतिबंधित औषधि बिना उचित वैधानिक प्रक्रिया के नहीं बेची जाएगी।

## खबर संक्षेप



### डीईओ से मिला हजरस का प्रतिनिधिमंडल

**कैथल।** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ कैथल का प्रतिनिधिमंडल 25 जुन 2025 को जिला शिक्षा अधिकारी कैथल रोहतास वर्मा से कार्यालय में मिला और कैथल में जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यग्रहण पर उन्हे हजरस ने बधाई दी। राज्य संयोजक दलबीर राठी व जिला प्रधान राजबीर पाई ने शिक्षकों की मांगें रखी। इस मौके पर राज्य संयोजक दलबीर राठी, जिला प्रधान राजबीर पाई, पूर्व महासचिव चन्द्र मोहन, कोषाध्यक्ष रामेश्वर दास, रघुबीर सिंह, अनिल चहल, रामफल राठी, माम चन्द रंगा, रणधीर रंगा आदि उपस्थित रहे।

### घर में घुसकर लूटपाट का प्रयास, मामला दर्ज

**कैथल।** पुंडरी पुलिस ने एक महिला के घर में घुसकर लूटपाट करने का प्रयास करने तथा गाली गलौज करने के रूप में एक मामला दर्ज किया है। कैथली गेट पूंडरी की सत्या ने पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 3 जून को राजकुमार, सोहनलाल, श्यामलाल, बलदेव, जयमल और प्रवीण उसका गेट तोड़ते हुए घर में घुसे तथा वहां पर लूटपाट करने की कोशिश की। जब उसे द्वारा उनका विरोध किया गया तो आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज भी किया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए। सब इंस्पेक्टर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चीका थाना के एक गांव में किशोरी से छेड़छाड़

**कैथल।** चीका थाना क्षेत्र के एक गांव में 17 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पड़ोसी युवक पर आरोप लगे हैं। अरनौली चौकी पुलिस को किशोरी के पिता ने बताया कि 24 जून को वह परिवार के साथ काम से बाहर गए हुए थे व लड़की अपने घर में अकेली थी। पड़ोसी युवक मुनीम उनके घर में घुसा व उसकी बेटी के साथ छेड़खानी करने लगा। विरोध करते हुए शोर मचाया तो आरोपी युवक भाग गया। इससे पहले आरोपी ने उसकी बेटी को किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। जब हम घर पर आए तो लड़की ने इस बारे में उनको बताया और केस दर्ज करवाया।

### विद्यार्थियों को नशा न करने की दिलाई शपथ

**कैथल।** डॉ. बीआर आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय जगदीशपुरा व राजकीय कन्या महाविद्यालय धनौरी की एंटी ड्रग अवेयरनेस सेल की ओर से जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया। इसके तहत छात्राओं, प्राध्यापकों एवं स्थानीय आम जनता को नशा मुक्ति की ई-प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्य मनोज कुमार भांबू ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना व समाज में नशा मुक्त वातावरण का निर्माण करना रहा। कार्यक्रम के तहत छात्रों ,स्टाफ सदस्यों और समाज के लोगों को सरकार के पोर्टल पर जाकर ई-शपथ लेने के लिए प्रोत्साहित किया है।

### आरटीआई कार्यकर्ता व मनरेगा मेटों में बढ़ा विवाद

**कलायत।** कलायत खंड में मनरेगा मेटों व शिकायत करने वाले गांव बालू निवासी आरटीआई कार्यकर्ता गुरूदेव सिंह के बीच खींचतान बढ़ गई है। मंगलवार को मेटों के संगठन ने शिकायतकर्ता पर काम में बाधा डालने के आरोप लगाए थे। बुधवार को शिकायतकर्ता गुरुदेव बालू ने मेटों पर पलटवार करते हुए कहा कि मेटों का एजेंडा जांच का प्रभावित करना है। जिस कारण वे जांच में सहयोग करने की बजाय शिकायतकर्ता पर आरोप लगा रहे हैं। इससे यह साफ हो रहा कि मामला गड़बड़ है। ईमानदार मेटों ने ही सवाल उठाएं हैं तथा वह इस मामले को जांच होने तक किसी भी स्थिति में बदने नहीं देंगे।

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे जयंती समारोह में मुख्यातिथि*


# भिवानी में 13 जुलाई को धूमधाम से मनाई जाएगी प्रदेश स्तरीय महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती: रणबीर गंगवा

- मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कैथल में ली समाज के लोगों की बैठक
- मीडिया से बातचीत में बोले- हरियाणा में नालों की सफाई के लिए खरीदी जा रही है सुपर सकर मशीनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि आगामी 13 जुलाई को भिवानी में गुरू दक्ष प्रजापति जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस प्रदेश स्तरीय जयंती समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। पूरे प्रदेशभर से हजारों लोग इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लेंगे।

लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा बुधवार को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में समाज के लोगों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि हरियाणा सरकार द्वारा संत-महापुरुष सम्मान विचार एवं प्रसार योजना के तहत महापुरुषों व संतों की जयंती मनाई जाती है। चाहे श्री धन्ना भगत जी की जयंती हो, महर्षि वाल्मीकि, संत शिरोमणी गुरु रविदास जी की, महाराजा शूरसैनी जयंती हो या अन्य महापुरुषों की जयंती हो, ये सभी सरकारी स्तर पर मनाई जा रही हैं। इसी के तहत पिछली बार हिसार की तर्ज पर इस बार 13 जुलाई को महाराजा दक्ष जयंती सरकारी स्तर भिवानी के शहीद भगत सिंह चौक के पास स्थित मेला ग्राउंड में मनाई जा रही है। इस बार पिछली बार से ज्यादा बड़ा स्थान तय किया गया है। जिसमें पूरे प्रदेश भर से हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे। इसीलिए कैथल से अधिक से अधिक संख्या में लोग इसमें भाग लें।



कैथल। लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### जाति विशेष नहीं, बल्कि सर्व समाज के होते हैं महापुरुष

उन्होंने कहा कि संत महापुरुष किसी एक जाति विशेष के नहीं होते, बल्कि सर्व समाज के लिए होते हैं। इसलिए कैथल से 36 बिरादरी से इस जयंती समारोह में अधिक से अधिक संख्या में भागले कर सामाजिक एकता का परिचय दें। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सौभाग्य की बात है कि प्रदेश क मुख्यमंत्री मुस्कुराते हुए प्रदेश के लोगों की जनसमस्याओं का समाधान कर रहे हैं। विश्राम गृह में पहुंचने पर प्रजापति समाज के लोगों ने मंत्री का सम्मानित किया। साथ ही पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा का भी स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व एसडीओ नाथी राम, काला ढाबा वाला, श्याम राजौंद, बलबीर नौच, सुभाष कुराड़, कृष्ण टीक, पवन कानूनगो, धर्मवीर कानूनगो, मनोज रामगढ़, राम चरण किरमच, राजपाल, नरेश पबाना, संदीप पाड़ला, विनोद डीग, संजीव बरसाना, ईश्वर ढांड, महेंद्र सरवारा, जोनी बंदराणा, राम रूप, होशियार, प्रकाश, हरिओम, सरोज करोड़ा, बबीता प्रजापति, निधि मोहन, पृथ्वी ढांड, रामेश्वर, दलबीर, गुरमेल तारागढ़, सुखदेव, मनोज सौंगल, कर्म सिंह चीका, धर्मपाल पेंटर, राजेंद्र, मेघराज, महंत मेघदास मुंदड़ी, सतबीर मुंदड़ी, सतबीर बुढ़ाखेड़ा, सुरेश चीका, राम शरण, अर्जुन मास्टर, नरेंद्र सरपंच, पाला, बलवान, रामनिवास, मनोज सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। वीर बबरीक श्याम ट्रस्ट सिसला धाम समिति से बलवान शर्मा, जंगीर सिसला, बलजीत, सिरिया फौजी ने मंत्री रणवीर गंगवा को सम्मानित भी किया।

## जिले में लिंगानुपात सुधार को लेकर सीएमओ सख्त

# कम लिंगानुपात वाले गांवों के सरपंचों के साथ बैठक करेगा स्वास्थ्य विभाग

- एसएमओ के साथ की सीएमओ की वीसी बैठक
- 21 जून के लिंगानुपात का पिछले माह के साथ तुलनात्मक अवलोकन, 12 प्वायंट हुआ कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला के लिंगानुपात सुधार को लेकर सीएमओ डा. सुमन कोहली ने सख्त रूख अपनाया है। सीएमओ ने जिलाभर के एसएमओ के साथ ऑनलाइन बैठक की। बैठक में 21 जून के लिंगानुपात का पिछले माह के लिंगानुपात के साथ तुलनात्मक अवलोकन किया।

सीएमओ ने बताया कि 21 जून तक जिला का लिंगानुपात सीआरएस पोर्टल के अनुसार 12 प्वायंट कम हो गया है। यह मई माह तक 932 था। जो जून माह में घट कर 920 हो गया है।

### पेंडिंग न रहे कोई एंट्री

सीएमओ ने स्पष्ट किया कि सीआरएस पोर्टल पर कोई भी एंट्री पेंडिंग नही रहनी चाहिए। कम लिंगानुपात का कारण कम डाटा एंट्री नही रहना चाहिए। एएनएम के अनुसार सभी गांवों की रिपोर्ट जिसमें लिंगानुपात को तीन भागों में बांटा गया है। इसमें 850 से कम, 850 से 900, 900 से अधिक लिंगानुपात वाले गांव शामिल हैं। इन सभी गांवों के सरपंचों के साथ बैठक की जाएगी।

### मजबूत होगा सूचना तंत्र

इसके अलावा सूचना तंत्र को भी मजबूत किया जाएगा। कम लिंगानुपात के बावजूद किसी भी प्रवर चिकित्सा अधिकारी द्वारा कोई सूचना नही दी जा रही है। सभी सीचएसी से रिपोर्ट आना जरूरी है। जींद सिटी अर्बन के तहत जिला अस्पताल, एमसी जींद, सिटी अर्बन के तहत कुल 4003 बच्चों ने जन्म लिया। इनमें 2087 लड़के व 1916 बेटियों का जन्म हुआ।




जींद। ऑनलाइन मीटिंग करते हुए सीएमओ डा. सुमन कोहली व ऑनलाइन मीटिंग में जुड़े जिलाभर के एसएमओ।

### जन क्षेत्रों में सबसे कम लिंगानुपात, उन पर रखें कड़ी नजर : सीएमओ

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में लिंगानुपात सबसे कम है, उनमें कड़ी नजर रखी जाए। सरकारी संस्थानों में ही गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी करवाने के लिए प्रेरित किया जाए। बेटियों के प्रति लोगों की सकारात्मक सोच के लिए प्रचार प्रसार करवाएं। पीएनडीटी अधिनियम के तहत जो भी दिशा निर्देश मुख्यालय द्वारा जारी किए गए हैं उनकी पालना सख्ती से करवाई जाए। समय-समय पर अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच हो।

### बिना एमसीटीएस नंबर के अल्ट्रासाउंड करना गैरकानूनी

पीएनडीटी नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने कहा कि जिला में प्रजनन और बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) आईडी और मां व शिशु ट्रैकिंग प्रणाली (एमसीटीएस) नंबर के बिना अल्ट्रासाउंड करना गैरकानूनी है। अल्ट्रासाउंड केंद्रों को किसी भी गर्भवती का अल्ट्रासाउंड करने से पहले आरसीएच व एमसीटीएस नंबर लेना अनिवार्य है। यह नियम सरकारी व निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर लागू कर दिया गया है। गर्भवती महिलाओं की प्रजनन व बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) आईडी और मां व शिशु ट्रैकिंग प्रणाली (एमसीटीएस) नंबर के बिना अल्ट्रासाउंड किया गया तो अल्ट्रासाउंड केंद्र पर कार्रवाई की जाएगी। गर्भवतियों को गर्भधारण के तीन माह के भीतर आरसीएच आईडी और मां व एमसीटीएस में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पंजीकरण कराना होगा ताकि स्वास्थ्य विभाग उन्हें ट्रैक कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ दे सके और उनकी संस्थानों में डिलीवरी करवा सके।




जींद। प्रमाण पत्र देते हुए। फोटो : हरिभूमि

# पीएनबी प्रशिक्षण केन्द्र सच्चा खेड़ा का खुम्ब उत्पादन के प्रशिक्षण संपन्न

- एमएम कॉलेज में 'कोहा' साफ्टवेयर को लेकर सात दिवसीय कार्यशाला शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

पंजाब नेशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केन्द्र सच्चा खेड़ा द्वारा कुम्भ उत्पादन के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न जगहों से आए हुए प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस मौके पर पहले दिन डॉण्सतीश महताए दुसरे दिन डॉण्जगदीप सिंहए तीसरे दिन राकेश सागवान एवं केंद्र का स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में वैज्ञानिकों ने विस्तार से खुम्ब उत्पादन के बारे मे जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने बताया कि कैसे हम खुम्ब उत्पादन कर सकते है इसे हम किस प्रकार अधिक मुनाफा कमा सकते हैं।खुम्ब एक स्वास्थ्यवर्धक शाकाहारी खाद्य प्रदार्थ है जिसमे प्रोटीनएविटामिनए खनिज लवण प्रचुर मात्रा में तथा वसा कम मात्रा में पाए जाते है। हरियाणा में सफेद बटन खुम्ब व्यावसायिक दृष्टि से सर्वाधिक उगाई जाती हैं। हरियाणा में बटन खुम्ब उगाने का उचित समय नवम्बर से फरवरी तक होता है। खुम्ब उत्पादन के लिए अन्य फसलों की भांति भूमि की आवश्यकता नही होती तथा बंजर भूमि व कल्लर भूमि में भी छप्पर बनाकर खुम्ब की खेती सफलतापूर्वक की जा सकती है। किसानों के खेतों पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कृषि अवशेष जैसे परालीएतूड़ीएसरसों का भूसा आदि खुम्ब उत्पादन के लिए प्रयोग किये जा सकतें है। खुम्ब की खेती ग्रामीण शिक्षित व अशिक्षित बेरोजगार नवयुवकोंएयुवतियोंए भूमिहीन व छोटे किसानों के लिए स्वरोजगार के साथ.साथ आय का उतम साधन है। इसके अतिरिक्त खुम्ब उत्पादन कृषि अवशेष जैसे तुड़ी व पराली का सदुपयोग करके प्रोटीन युक्त शाकाहारी भोजन बनाने के लिए एक अति उतम साधन है। खुम्ब उत्पादन गैर परम्परागत फसल है इसी समस्या को देखते हुए हम इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करतें है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने खुम्ब उत्पादन के विभिन्न पहलुओं पर प्रदर्शनों के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी।

# री-चेकिंग में प्रदेश में चौथे से दूसरे स्थान पहुंचे केशव

- 10वीं में कुसुम के बढ़े 6 और केशव के बढ़े दो अंक।



केशव गर्ग



कुसुम

**उचाना।** 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में आए अंकों से संतुष्ठ नहीं होने पर गीता विद्या मंदिर स्कूल उचाना मंडी के केशव गर्ग पुत्र सचिन गर्ग, कुसुम पुत्री सचिन द्वारा पेपर रीचेकिंग के फार्म भरे। रीचेकिंग फार्म भरने के बाद रिजल्ट में केशव गर्ग के 494 से 496 तो कुसुम 488 से 496 अंक हो गए। केशव गर्ग के फिजिकेल में दो अंक बढ़े तो कुसुम के सभी विषयों के अंक बढ़े। अंक बढने से पहले प्रदेश में चौथा स्थान परीक्षा परिणाम में पाने वाले केशव गर्ग ने प्रदेश में अब दूसरा स्थान प्राप्त किया तो कुसुम ने भी प्रदेशम टॉप 10 में जगह बनाई थी। कुसुम भी अब प्रदेश में दूसरे स्थान पर आई है। प्राचार्या सविता सिंगला ने कहा कि दोनों विद्यार्थियों को अंक बढने की उम्मीद थी। जो अंक उनके आए थे उन्हें कम लग रहे थे। रीचेकिंग के बाद दोनों के अंक बढ़े हैं। अब स्कूल के दो विद्यार्थी प्रदेश में दूसरे नंबर पर 10वीं के परीक्षा परिणाम में आए है।।

# कहसून से होता है प्रधान, स्वयंभू मान्य नहीं

- मीटिंग बुलाने वाले स्वयंभू प्रधान कसूहन ने नहीं बुलाई कोई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

सर्वजातीय खेड़ा खाप के कसूहन चबूतरे पर खाप की मीटिंग हुई। अध्यक्षता प्रधान सतबीर शर्मा कसूहन द्वारा की गई। मीटिंग में वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए फैसला लिया कि जो 29 जून को मीटिंग बुलाने की बात कही जा रही है वो भ्रामक है। यहां पर किसी तरह की पंचायत खेड़ा खाप द्वारा नहीं बुलाई गई है। सतबीर पहलवान बरसोला जो खुद को प्रधान खाप का बता रहा है उसका गावं बरसोला खेड़ा खाप में भी नहीं है। यहां पर किसी तरह की पंचायत नहीं बुलाई है। खाप प्रधान सतबीर शर्मा ने सतबीर पहलवान से अपील करते है कि वो खाप का ताना-बाना न तोड़े। खाप एंव कमेटी सही तरीके से काम कर रही है। जो मीटिंग हुई है उसमें फैसला किया गया है कि 29 जून को खाप की मीटिंग खाप की नहीं है। मेरे पिता के बाद मुझे ये जिम्मेदारी 20 साल पहले दी गई थी जिसे निष्ठा से निभा रहा हूं। कसूहन गांव में खाप का चबूतरा है यहां से ही खाप का प्रधान बनता आ रहा है। सतबीर पहलवान का बरसोला गांव तो खेड़ा खाप में भी नहीं है। यहां कोई मीटिंग नहीं है। सतबीर पहलवान जो प्रधान खुद को बता रहा है वो स्वयंभू प्रधान है। एक बार गांव के स्कूल में एकत्रित हुए थे। यहां से उन्हें खदेड़ दिया था। ये कहां प्रधान बने, पता नहीं। पूर्व सरपंच बिजेंद्र घोघडिय़ा ने कहा कि खेड़ा खाप के किसी गांव में कोई संदेश मीटिंग का नहीं है।



उचाना। मीटिंग को संबोधित करते हुए खेड़ा खाप प्रधान सतबीर शर्मा कसूहन।

### 29 को मीटिंग

सतबीर पहलवान ने कहा कि मीटिंग को लेकर खेड़ा खाप के गांव में सूचना दी जा चुकी है। 29 को मीटिंग खाप के चबूतरे पर करेंगे। वो स्वयंभू प्रधान नहीं है बल्कि 2016 में कसूहन गांव में हुई मीटिंग में उन्हें प्रधान चुना गया था। इससे पहले खाप के महासचिव भी वो रह चुके है। पहले बारह खाप में बरसोला आता था लेकिन बारह के टूटने के बाद बरसोला सहित कई गांव खेड़ा खाप में करीब 25 साल पहले आए थे।

## आज कैथल आएंगे एआईसीसी ऑब्जर्वर

**कैथल।** कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष बनाने की प्रक्रिया के तहत ऑब्जर्वर वीरवार को अंबाला रोड स्थित लोक निर्माण विश्राम गृह में पहुंचेंगे। यहां पर ऑब्जर्वर जिलाध्यक्ष पद के आवेदकों का साक्षात्कार करेंगे। इस दौरान ऑब्जर्वर एआईसीसी ऑब्जर्वर विनोद सुल्तानपुरी, पीसीसी ऑब्जर्वर पूर्व विधायक मेवा सिंह, धर्मपाल गुप्ता व सतेंद्र मोर आएंगे। ऑब्जर्वर सतेंद्र मोर ने बातया कि वीरवार सुबह 10 से शाम पांच बजे तक अंबाला रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में सभी ऑब्जर्वर कैथल के कांग्रेस कार्यकर्ताओं व जिलाध्यक्ष पद पर जिन्होंने आवेदन करने वाले आवेदकों के साक्षात्कार लेंगे।

**अराधना** | चार जुलाई को शिव योग में संपन्न होंगे गुप्त नवरात्र

*घटस्थापना समय वीरवार को सुबह 05 बजकर 25 मिनट से लेकर सुबह 06 बजकर 58 मिनट तक रहेगा*

# शुभ योग में धूरव तथा स्वार्थ सिद्धि आज से शुरू होंगे अषाढ़ गुप्त नवरात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू धर्म में नवरात्रों का विशेष महत्व है। साल में चार नवरात्र आते हैं। जिनमें दो गुप्त नवरात्र होते हैं। इसी कड़ी में 26 जून मंगलवार से आषाढ़ नवरात्र शुरू हो रहे हैं और चार जुलाई को संपन्न होंगे। यह नौ दिवसीय पर्व मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की गुप्त पूजा और तांत्रिक साधना के लिए समर्पित है। आषाढ़ और माघ मास के नवरात्र सिद्धियों और तंत्र क्रियाओं के लिए किए जाते हैं। गुप्त नवरात्र को लेकर घटस्थापना समय वीरवार को सुबह 05 बजकर 25 मिनट से लेकर सुबह 06 बजकर 58 मिनट तक रहेगा।

इसके साथ ही अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 56 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 52 मिनट तक रहेगा। गुप्त नवरात्र पर शहर के मध्य स्थित जयंती देवी मंदिर में प्रतिदिन पूजन, मां जयंति अभिषेक, हवन व आरती होगी। इसके बाद सायं चार से सात बजे तक कीर्तन एवं संध्या आरती होगी।

**गुप्त नवरात्रि 10 महाविद्याओं की होती है अराधनाः** इस बार गुप्त नवरात्रि की शुरुआत बेहद शुभ योग में होगी। पंचांग के अनुसार गुप्त नवरात्र के पहले दिन धुरव योग के साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। इन शुभ योगों में मां दुर्गा की पूजा करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। वहीं श्रद्धालुओं के लिए गुप्त नवरात्रि के दौरान विशेष रूप से दस महाविद्याओं की पूजा का विधान है। गुप्त नवरात्रों में साधक मां दुर्गा के सभी नौ स्वरूपों के साथ-साथ दस महाविद्याओं की भी आराधना करते हैं। इसे तांत्रिक साधना और रहस्यमयी सिद्धियों की प्राप्ति के लिए यह समय सबसे उत्तम माना जाता है।


### नवरात्र के अंतिम दिन चार जुलाई को शिव योग : नवीन शास्त्री



जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि वर्ष में चार नवरात्र आते हैं। जिनमें दो गुप्त नवरात्र तथा एक चैत्र व एक शारदीय नवरात्र शामिल हैं। मंदिर परिसर में मां भवगती की पूजा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। नवरात्र के अंतिम दिन चार जुलाई को शिव योग बन रहा है। सभी योगों में शिव योग का बड़ा महत्व है। हालांकि आषाढ़ गुप्त नवरात्र तंत्र-मंत्र और शक्ति साधना के लिए विशेष मानी जाती है। इन दिनों में मां दुर्गा की 10 महाविद्याओं मां काली, तारा, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला की पूजा की जाती है। यह पर्व साधकों के लिए सिद्धियां प्राप्त करने और जीवन की बाधाओं को दूर करने का अवसर है। भक्त दुर्गा सप्तशती का पाठ करते हैं। ये गुप्त नवरात्र में माता रानी की पूजा करने से जीवन में आ रही सभी समस्याएं और कष्ट दूर होते हैं।

# बिजली दरों में वृद्धि जनविरोधी लोगों की जेब पर बढ़ाया बोझ

**नरवाना।** बिजली की दरों में हुई बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग उठाते हुए राष्ट्रीय जन उधोग व्यापार संगठन नरवाना विधानसभा के कार्यकारी अध्यक्ष मोहित बंसल ने कहा है कि हरियाणा सरकार ने एक ही झटके में बिजली को चार गुना तक महंगा कर दिया। यानी जिन आम परिवारों को 900 से 1000 रुपए तक बिल देना पड़ता था उन्हें अब 4000 से 5000 रुपए बिल थमाया जा रहा है। आज प्रैस को जारी एक विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि गर्मी और उमस भरे इस मौसम में बिजली के कट और दुसरी तरफ महंगाई की मार ने आम आदमी को बेहाल कर दिया है। मोहित बंसल ने कहा कि बिजली की दरें महंगी होने के चलते लोगों को भारी भरकम बिल मिलने लगे हैं। निगम ने 75 रुपए प्रति किलो वाट फिक्स चार्ज भी इसमें जोड़ दिया है। यानी 10 किलो वाट कनेक्शन पर अब हर महीने 750 रुपए अतिरिक्त देने पड़ रहे हैं। पहले दरें स्लैब वाइज थी यानी 50 यूनिट या इससे ज्यादा इस्तेमाल पर 2ण्50 रुपए से 6ण्50 रुपए प्रति यूनिट खर्च होता था। अब 5 किलो वाट से अधिक लोड होने पर 6ण्50 से 7ण्50 रुपए प्रति यूनिट वसूला जा रहा है। अलग से स्लैब वाइज बिजली के दामों में भी 20 से लेकर 40 पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ोतरी हुई है। इतना ही नहीं विभिन्न कैटेगरी के लिए बनाए गए स्लैब में भी बदलाव किया है।



मोहित बंसल।